प्रेषक,

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मासी (अल्मोडा)

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं
नोडल अधिकारी,
देहरादून(उत्तराखण्ड)

पत्रांक: 294 /2019–20 दिनांक–25.10.2019

विषय– राजकीय महाविद्यालय मासी के भवन निर्माण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृत प्राप्त होने के सम्बन्ध में

महोदय,

आपके पत्रांक 3862/ 1जी–सामान्य(अ0) देहरादून दिनांक 15 जून 2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें राजकीय महाविद्यालय,मासी के भवन के नव निर्माण की लागत/क्रय व्ययभार की उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति ऑनलाईन अपलोड कर एवं ऑफलाइन उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया गया था। आपको अवगत कराना है कि इस पत्र के साथ उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी प्रासानिक स्वीकृति का पत्र भेजा जा रहा है। राजकीय महाविद्यालय मासी के भवन निर्माण के लिए भूमि का प्रस्ताव 19 सितम्बर 2016 को तैयार कर प्रस्ताव संख्या–FP/UK/OTHERS/21482/2016 भेजा जा चुका है।

अतः आपसे निवेदन है कि राजकीय महाविद्यामय मासी के भूमि अधिग्रहण के लिए शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

धन्यवाद।

संग्लनक–उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रेषित सैद्धान्तिक स्वीकृति पत्र

प्राचार्य
Principal
Govt. Degree College
Masi (Almora)

पृष्ठांकन सं0– /2019–20/तददिनांक

प्रतिलिपि–निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड हल्द्वानी(नैनीताल)

प्राचार्य
Principal
Govt. Degree College
Masi (Almora)

उत्तराखण्ड शासन
उच्च शिक्षा अनुभाग–7
संख्याः– —/XXIV(7)/2019–25(घो0)2012,T.C-1
देहरादून : दिनांक 03 · [illegible] 2019

कार्यालय–ज्ञाप

उच्च शिक्षा विभाग में छात्रहित/जनहित के दृष्टिगत जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय मासी के भवन निर्माण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की जाती है तथा निर्देशित किया जाता है कि उक्त भवन निर्माण हेतु नियमानुसार भूमि चिन्हित करते हुए भवन निर्माण की कार्यवाही अमल में लाई जाए।

(अशोक कुमार)
प्रभारी सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः 692 (1)/ XXIV(7)/2019–25(घो0)12, T.C-1 तददिनांकित।
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
2– निजी सचिव, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
3– निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4– आयुक्त, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल।
5– जिलाधिकारी, अल्मोड़ा।
6– निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल) को इस निदेश के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महाविद्यालय के संचालन हेतु भूमि चयन आदि की नियमानुसार सम्पूर्ण कार्यवाही अपने स्तर से करते हुये सम्यक प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7– प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय मासी जनपद अल्मोड़ा।
8– कोषाधिकारी, अल्मोड़ा।
9– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शिवस्वरूप त्रिपाठी)
उप सचिव